लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश
संख्याः— 10/10 / सी—1/2017—18
प्रयागराजः दिनांकः 16 नवम्बर, 2018

प्रेस— विज्ञप्ति

सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (सामान्य/विशेष) चयन (मुख्य) परीक्षा 2016, की लिखित परीक्षा दिनांक 20—09—2016 से 08—10—2016 तक आयोग द्वारा प्रदेश के दो जनपदों इलाहाबाद, एवं लखनऊ के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की गयी थी जिसमें कुल 12901 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए थे। उपरोक्त परीक्षा के आधार पर भरे जाने हेतु उपलब्ध कुल 633 रिक्तियों के सापेक्ष वास्तविक रूप से 1993 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु सफल घोषित किया गया है। जिला उद्यान अधिकारी श्रेणी—।। (ग्रेड—1) के पद की संगत सेवा नियमावली में साक्षात्कार का प्राविधान न होने के कारण उक्त पद का चयन परिणाम इस परीक्षा के अन्तिम चयन परिणाम के समय घोषित किया जायेगा।

2. आरक्षण के सम्बन्ध में शासकीय नीति के अनुसार भूतपूर्व सैनिकों को केवल समूह ''ग'' के पदों पर आरक्षण देय है। अतः भूतपूर्व सैनिक श्रेणी के वे अभ्यर्थी जो प्रारम्भिक/मुख्य परीक्षा में भूतपूर्व सैनिक श्रेणी के आरक्षण का लाभ प्राप्त कर सफल घोषित हुए है उन्हें अन्तिम चयन परिणाम में केवल समूह ''ग'' के पदो के सापेक्ष श्रेष्ठताकमानुसार विचारित किया जायेगा। परीक्षाफल आयोग कार्यालय के सूचनापट्ट पर सर्वसाधारण के अवलोकनार्थ चस्पा कर दिया गया है। उक्त परीक्षाफल उ0 प्र0 लोक सेवा आयोग की वेबसाइट **http://www.uppsc.up.nic.in** पर भी उपलब्ध है। उक्त परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों के प्राप्तांक, कट आफ अंक इत्यादि की सूचनायें उक्त परीक्षा का अन्तिम परिणाम घोषित होने के उपरान्त ही दी जायेगी।

3.उक्त परिणाम मा0 सर्वोच्च न्यायालय में आयोग द्वारा योजित की गयी उपरोक्त एस0 एल0 पी0 संख्या—9610/2017 में पारित होने वाले अन्तिम निर्णय के अधीन रहेगा। साक्षात्कार के सम्बन्ध में पृथक से विज्ञप्ति निर्गत की जायेगी।

(जगदीश)
सचिव।